गुड इयर इण्डिया लिमिटेड, कलकत्ता

188. **श्री शारदानन्द :**

श्री वंश नारायण सिंह :

क्या **प्रौद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुड इयर इन्डिया लिमिटेड, कलकत्ता ने किन-किन वस्तुग्रों को बनाने के लिए लाइसेंस माँगा है ;

(ख) उक्त कम्पनी को किस तारीख को लाइसेंस दिया गया था और उसने किस तारीख से काम करना शुरू किया ;

(ग) क्या उक्त कम्पनी ने उन वस्तुग्रों के अतिरिक्त कुछ अन्य वस्तुएं भी निर्मित की हैं, जिनके लिए उसे लाइसेंस दिया गया था; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

प्रौद्योगिक विकास ग्रान्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद):(क) मोटरों के टायर (इनमें मोटर साइकिल स्कूटर जानवरों द्वारा चलाई जाने वाली गाड़ियों के टायर व्हील वैरो तथा एरो टायर सम्मिलित हैं) और ट्यूब मरम्मत का सामान, रबर डोक फैन्डर्स और साइकिल के टायर और ट्यूब ।

(ख) दिए गए लाइसेन्सों का विवरण निम्न प्रकार है ।

लाइसेन्स संख्या तथा तिथि	उत्पाद्य वस्तुएं	उत्पादन प्रारम्भ होने की तिथि
1. एल/30(1)/एन-9/59 दिनांक 21-9-1959	मोटरों के टायर ट्यूब और मरम्मत का सामान	1961
2. एल/30(1)/8-एम० ई०/ सी० एच(1)/61 दिनांक 8-6-1961	—वही—	प्रथम प्रावस्था की क्रियान्वित 1966 में हुई दूसरी और अन्तिम प्रावस्था का कार्य चल रहा है ।
3. एल/30(4)/136/66-एल इण्ड 2 दिनांक 13-12-1966	रबर डोक फैन्डर्स	मई, 1967
4. एल/30(1)/17/68 एल० इण्ड 2 दिनांक 6-12-1968	साइकिलों के टायर और ट्यूब	योजना का काम चल रहा है ।

(ग) और (घ). कम्पनी द्वारा तकनीकी विकास के महानिदेशालय को प्रतिमास भेजी गई उत्पादन विवरणियों के अनुसार कम्पनी ने निम्नलिखित चीजों के उत्पादन की सूचना दी है :—

1. मोटरों के टायर और ट्यूब
2. रबर डोक फैन्डर्स; और
3. मरम्मत का सामान

किन्तु यह ज्ञात हुआ है कि कम्पनी अपने व्यापारिक नाम से अन्य चीजें जैसे साइकिल के टायर ट्यूब, अनेक प्रकार के मेखलोपकरण (बैल्टें) जैसे कम्बेयर ट्रान्समिशन, पंखे आदि का वितरण करती है, वस्तुत: उनका उत्पादन अन्य उत्पादक करते हैं।

मोरारजी गोकुलदास स्पिनिंग एण्ड वीविंग कम्पनी लिमिटेड

189. **श्री शारदा नन्द :**

श्री वंश नारायण सिंह :

क्या **वैदेशिक व्यापार तथा पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बम्बई स्थित मोरारजी गोकुलदास स्पिनिंग एन्ड वीविंग कम्पनी लिमिटेड ने लाइ-